# मुख्यमंत्री ने डेनेक्स की नई यूनिट का शुभारंभ किया

## चर्चा में क्यों?

23 मई, 2022 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दंतेवाड़ा ज़िले के कटेकल्याण में अपनी टेक्सटाइल यूनिट की वजह से देश भर में चर्चित दंतेवाड़ा के नवाचार डेनेक्स की नई यूनिट का शुभारंभ किया। यहाँ 100 महिलाएँ गारमेंट्स बनाएंगी।

## प्रमुख बिंदु

- इसी के साथ डेनेक्स की पाँचवी यूनिट छिंदनार का एमओयू हुआ। यह एमओयू डेनेक्स एफपीओ (किसान उत्पादक संघ) और एक्सपोर्ट हाउस तिरुपुर के बीच हुआ, जो तमिलनाडु के कोयंबटूर में होल सेल की देश की सबसे बड़ी यूनिट में से एक है।
- अभी तक स्थापित डेनेक्स की चार यूनिट हारम, बारसूर, कारली, कटेकल्याण से कपडों की लाट बंगलूरू भेजी जा रही थी, लेकिन इस एमओयू के बाद डेनेक्स की पाँचवीं यूनिट छिंदनार से तैयार होने वाले कपड़े यूके और यूएस के बाज़ार में भी नज़र आएंगे।
- उल्लेखनीय है कि डेनेक्स के माध्यम से दंतेवाड़ा वस्त्र व्यवसाय के एक नए केंद्र के रूप में स्थापित हुआ है। यहाँ के कपड़ों की गुणवत्ता की वजह से देश भर में इनकी मांग बढ़ी है और देश भर की व्यापारिक संस्थाएँ इनसे एप्रोच कर रही हैं।
- अब से लगभग 16 महीने पहले छत्तीसगढ़ के आदिवासी बाहुल्य दंतेवाड़ा ज़िले में महिलाओं की आत्मनिर्भरता को बढ़ाने के लिये ज़िला प्रशासन ने ग्राम पंचायत हारम में नवा दंतेवाड़ा गारमेंट फैक्ट्री की स्थापना की थी। यहाँ बने कपड़ों को ब्रांड नाम दिया गया 'डेनेक्स'। डेनेक्स का अर्थ है 'दंतेवाड़ा नेक्स्ट'। इस ब्रांड में दंतेवाड़ा ज़िले की समृद्धि, परंपरा एवं संस्कृति की झलक दिखाई देती है।
- बीते 16 माह में ही डेनेक्स की चार यूनिट से लगभग 50 करोड़ रुपए मूल्य की 6 लाख 85 हज़ार कपड़ों की लॉट बंगलूरू भेजी जा चुकी है, जहाँ से इनका विक्रय पूरे देश में (कश्मीर से कन्याकुमारी तक) हो रहा है। डेनेक्स से दंतेवाड़ा के लगभग 800 लोगों को रोज़गार मिला है।
- डेनेक्स की यूनिटों के तेज़ी से प्रसारित होने की वजह से न केवल महिलाओं को रोज़गार मिला है, अपितु देश भर में संस्थान के कपड़ों की डिमांड होने से अपने कौशल संवर्धन का कार्य भी हो रहा है।
- गौरतलब है कि डेनेक्स की महिलाओं ने हाल ही में ग्यारह किमी. लंबी चुनरी का निर्माण किया है, जिसे मुख्यमंत्री दंतेश्वरी माता को अर्पित करेंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/launch-of-new-unit-of-danex